दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 276 मुरादाबाद, 03 February 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने संगम तट से भरी हिंदुत्व की हुंकार, बोले- हर सनातनी बने देश भक्त

बागेश्वरधाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री गुरुवार को माघ मेला पहुंचे। यहां संगम स्नान के बाद कई शिविरों में जाकर उन्होंने साधु संतों से मुलाकात की। उनके माघ मेले में आने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंच गए। बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लगातार विवादों में बने हुए हैं. अब उन्होंने हिंदू राष्ट्र को लेकर एक और बवाल खड़ा कर दिया है. प्रयागराज में उन्होंने अपने संबोधन में कहा, %अगर हम सब साथ हों तो भारत हिंदू राष्ट्र होगा. उन्होंने ये भी कहा कि अब हिंदू राष्ट्र का बिगुल बजा दो. आओ जातिवाद को तोड़कर हम सब हिंदू एक हों. धीरेंद्र शास्त्री ने स्वामी प्रसाद मौर्य का नाम लिए बिना उन पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि देश को कायरों, कपटियों और क्रूर लोगों से बड़ा खतरा है. ऐसे लोग धर्म और देश दोनों का नुकसान करते हैं. वहीं, हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर सफाई देते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, मैं ना तो राजनेता हूं ना राजनीति करता हूं और ना ही मीडिया में जगह पाने के लिए हिंदू राष्ट्र की बात कर रहा हूं...मैं यहां से सिर्फ और सिर्फ एक ही प्रार्थना कर रहा हूं. यह प्रार्थना हिंदू राष्ट्र के लिए है. धीरेंद्र शास्त्री ने संगम में स्नान किया और उसके बाद माघ मेले में संतों से मुलाकात की।




### क्यों विवादों में हैं धीरेंद

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री पर नागपुर की एक अंध श्रद्धा उन्मूलन समिति ने अंधविश्वास फैलाने का आरोप लगाया था. समिति के संयोजक का कहना है धीरेंद्र शास्त्री चमत्कार करने का दावा करते हैं और लोगों में अंधविश्वास फैलाते हैं. इस पूरे मामले में शास्त्री के खिलाफ स्त्रङ्कक्र भी दर्ज हुई, लेकिन पुलिस को धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कुछ नहीं मिला और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी.

### चैंलेज मिला तो सामने धीरेंद्र शास्त्री के गुरु

इसके बाद धीरेंद्र शास्त्री लगातार अपने बयानों के लिए विवादों में रहे. मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कई कांग्रेस नेताओं ने उनको चैंलेज तक दे डाला. इसके बाद उनके गुरु रामभद्राचार्य ने धीरेंद्र शास्त्री का समर्थन किया. उन्होंने कहा, मेरा शिष्य बहुत योग्य लड़का है. अच्छा काम कर रहा है. चरित्रवान है. उसकी लोकप्रियता को लोग पचा नहीं पा रहे हैं.

### कई बार कह चुके हिंदू राष्ट्र बनाने की बात

हिंदू राष्ट्र को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने पहली बार बयान नहीं दिया है. धीरेंद्र शास्त्री कई बार मंचों से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कर चुके हैं. कुछ दिन पहले ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा था, नेताजी ने नारा दिया था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा. आज मैं एक नारा दे रहा हूं, तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा.

इसके पहले बागेश्वर धाम के पहुंचने पर संगम पर भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई उनकी एक झलक पाने के लिए बेकरार दिखा। लोगों को काबू करने में पुलिस के पसीने छूट गए। काफी धक्कामुक्की के बाद उन्हें वाहन में बैठाकर सतुआ बाबा के आश्रम ले जाया गया। माना जा रहा है कि सीएम योगी 3 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगे तब धीरेंद्र शास्त्री उनसे भी मुलाकात कर सकते हैं। धीरेंद्र शास्त्री बीते कई दिनों से अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं।

### रामचरितमानस का विरोध करने वालों को मज़ा चखाना पड़ेगा

रामचरितमानस को लेकर चल रहे विवाद पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कहा, यह घोर निंदनीय कृत्य है। इस पर हमारा यही कहना है, इसके पीछे लंबी साजिश है, जो तथा कथित लोगों के द्वारा की गई है। आपके वैचारिक भेद हैं तो ठीक हैं। अपनी बात बोल सकते हैं, पर किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचा सकते। आपको यह अधिकार नहीं है, हम वाणी से बोल सकते हैं, अपनी बात बोल सकते हैं। हमारा इतिहास है, आज तक हमने किसी अन्य धर्म के खिलाफ नहीं बोला, लेकिन अपने धर्म के पक्ष में बोला।

## शालिग्राम शिलाओं का 51 आचार्यों ने किया पूजन, रामलला की मूर्ति के लिए राम मंदिर को की गईं समर्पित



अयोध्या- नेपाल की काली गंडकी नदी से लाई गई दो विशाल शिलाएं रामलला की मूर्ति के लिए समर्पित की गईं। ये दो विशाल शिलाखंड बुधवार को शाम ही नेपाल से रामसेवकपुरम पहुंचा दिए गए थे। गुरुवार को इन्हें विधि विधान पूर्वक नेपाल स्थित प्राचीन मिथिला की राजधानी जनकपुर के जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास और नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय को समर्पण पत्र के माध्यम से भेंट किये। ससे पूर्व शिला का 51 वैदिक आचार्यों ने विधि विधान से पूजन किया। शिला समर्पण समारोह संक्षिप्त सभा के रूप में भी प्रस्तुत हुआ और वक्ताओं ने इस अवसर को नेपाल और अयोध्या के प्राचीन संबंधों को नया तेवर एवं कलेवर प्रदान करने वाला बताया। जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास ने दूल्हा- दुल्हन सरकार की जय का जयकारा लगाकर अयोध्या और नेपाल के त्रेता युग के संबंधों को पुनर्जीवित किया। नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री ने बताया कि पहले वह जनकपुर से जुड़ी श्रीराम की विरासत के अनुरूप रामलला के लिए धनुष भेंट करना चाहते थे, किंतु राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ दो वर्ष तक चले संवाद के बाद यह तय हुआ कि नेपाल की गंडकी नदी से रामलला की मूर्ति के लिए पवित्र शिला अर्पित की जाए और यह शिला समर्पित करते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है। चंपतराय ने शिला समर्पित करने के लिए जनकपुर मंदिर, नेपाल सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। शिला का स्वागत करने के लिए इस दौरान बड़ी संख्या में साधु संत एवं अयोध्यावासी एकत्रित रहे। इनमें जगद्गुरु परमहंस आचार्य, गुरुद्वारा ब्रह्म कुंड के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरुजीत सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, राम मंदिर समर्थक मुस्लिम नेता बब्लू खान, जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, कारसेवकपुरम के प्रभारी शिवदास सिंह आदि प्रमुख रहे। इस बीच नेपाल से रामलला की मूर्ति के लिए आई शिला को शिरोधार्य करने की होड़ मची रही। कोई उसके आगे नतमस्तक हो रहा था, कोई उस पर टीका लगा रहा था, तो कोई शिलाओं के साथ सेल्फी ले रहा था।

## VHP ने की सपा और राजद की मान्यता रद्द करने की मांग, चुनाव आयोग से मिलने का मांगा समय



नई दिल्ली- विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने गुरुवार को रामचरितमानस विवाद को लेकर चुनाव आयोग से समाजवादी पार्टी (सपा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की मान्यता रद्द करने की मांग की है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद ने चुनाव आयोग से मिलने का समय मांगा है। विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि चुनाव आयोग को सपा और राजद की मान्यता रद्द कर देनी चाहिए।

### सपा और राजद की मान्यता रद्द करने की मांग

वीएचपी ने कहा कि इन दोनों पार्टियों ने रामचरितमानस के खिलाफ हालिया टिप्पणी के लिए अपने-अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, जिससे नियमों का उल्लंघन हुआ है, जिसके तहत उन्हें राजनीतिक दलों के रूप में पंजीकृत किया गया था। वीएचपी के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने इस मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से मिलने का समय मांगा है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया था विवादित बयान

विश्व हिंदू परिषद ने आरोप लगाया कि सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य के हाल के बयानों में रामचरितमानस का अपमान करना और इसके पन्नों को जलाना देश के नागरिकों के एक बड़े वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य है। उन्होंने दावा किया कि मौर्य को उनकी टिप्पणी के तुरंत बाद सपा द्वारा महासचिव के पद पर पदोन्नत किया गया था, जिससे यह साबित होता है कि उनके बयान को उनकी पार्टी का समर्थन प्राप्त था।

### चंद्रशेखर ने रामचरितमानस पर दिया था विवादित बयान

वहीं, राजद को लेकर वीएचपी ने कहा कि इसी तरह, राजद नेता चंद्रशेखर ने भी रामचरितमानस और अन्य पवित्र ग्रंथों की जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण आलोचना की, जिससे हिंदू समाज में आक्रोश पैदा हुआ और अविश्वास पैदा हुआ। उन्होंने दावा किया कि राजद ने चंद्रशेखर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है, जो यह साबित करता है कि उनके बयान को पार्टी का समर्थन प्राप्त था।

### वीएचपी ने चुनाव आयोग से की मांग

वीएचपी ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के अनुसार प्रत्येक पंजीकृत राजनीतिक पार्टी के लिए प्रावधान है कि पार्टी धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखेगी। उन्होंने कहा, सपा और राजद दोनों ने उन बुनियादी शर्तों का उल्लंघन किया है, जिन पर पार्टियों का पंजीकरण किया गया था

## बिहार में बड़ा रेल हादसा टला, सत्याग्रह एक्सप्रेस की 15 बोगियां बिना इंजन पटरी पर दौड़ी, बाल-बाल बचे यात्री

बेतिया- नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर गुरुवार सुबह बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। मझौलिया-बेतिया रेलवे स्टेशन के बीच महोद्दीपुर रेल गुमटी के पास 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस की ईंजन कई बोगी छोड़कर चली गई। जिसके बाद बोगियां बिना इंजन के पटरी पर दौड़ने लगी। जानकारी के अनुसार 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस ईंजन और चार बोगी लेकर चली गई, शेष बोगियां बगैर ईंजन के रेल पटरी पर दौड़ने लगी। हालांकि, चार बोगी को लेकर ईंजन अभी 100 मीटर आगे बढ़ी थी कि चालक को इसकी जानकारी लग गई। चालक ने आपातकाल ब्रेक लगा कर ईंजन समेत चार बोगियों को रोका। उसके बाद फिर से सभी बोगियों को जोड़कर ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया। इस दौरान करीब 15 मिनट तक ट्रेन रेल फाटक के समीप खड़ी रही। मामले को लेकर यात्रियों ने हंगामा भी किया। बताया जाता है कि बोगियों को कनेक्ट करने के लिए लगाए गए कपलिंग के अचानक टूट जाने के कारण यह हादसा हुआ



### रक्सौल से निर्धारित समय पर खुली थी सत्याग्रह

बताया जा रहा है कि रक्सौल-आनंद बिहार सत्याग्रह एक्सप्रेस रक्सौल से निर्धारित समय पर खुली थी। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे के आसपास महोद्दीपुर रेल गुमटी के पास पहुंची थी। ट्रेन में सवार यात्री राकेश कुमार ने बताया कि मझौलिया से ट्रेन खुली थी, तो रूक-रूक कर हिचकोले खा रही थी लेकिन चालक ने ध्यान नहीं दिया। महोद्दीपुर गुमटी पर पहुंचते हीं जोर का झटका लगा और ईंजन समेत चार बोगी लेकर पायलट चला गया। जबकि 15 बोगियां ट्रैक पर यूं ही रेंगने लगी।

## मुरादाबाद में नहीं मिली अखिलेश यादव के प्लेन को लैंडिंग की अनुमति, बिफरी सपा ने कहा- अहंकार का जल्द होगा अंत!

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में अखिलेश यादव के प्लेन को लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई जिस पर समाजवादी पार्टी ने नाराजगी जाहिर की है। पार्टी का दावा है कि कार्यक्रम पूर्व घोषित था, इसके बावजूद सपा सुप्रीमों के प्लेन को लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई। समाजवादी पार्टी ने ट्वीट कर इसे अलोकतांत्रिक कृत्य करार दिया है। उन्होंने ट्वीट किया कि योगी सरकार के दबाव में आकर पूर्व घोषित कार्यक्रम हेतु मुरादाबाद में कमिश्नर और डीएम द्वारा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्लेन को लैंड होने की अनुमति ना देना बेहद निंदनीय एवं अलोकतांत्रिक कृत्य है। सपा ने आगे कहा कि भाजपा के अहंकार का अंत जल्द होगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव पूर्व विधायक दीप कुमार से मुलाकात करने जा रहे थे लेकिन प्लेन लैंडिग की अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। पार्टी का दावा है कि इससे पहले झांसी में भी इसी तरह से प्लेन लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई थी।

## विद्यालय में बेहतर साफ-सफाई रखे तथा अध्यापक कड़ी मेहनत से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें-डीएम



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने विकास खण्ड छजलैट के शाहपुर मुबारकपुर (कुचावली) में मनरेगा पार्क/ओपन जिम, कम्पोजिट विद्यालय लदावली पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुचावली, राजकीय हाईस्कूल कुचावली, प्राथमिक विद्यालय कूडामीर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में पहुंचकर शौचालय का निरीक्षण किया तथा शौचालयों में स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों से शिक्षा के ज्ञान के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की एवं प्रश्न भी किए। जिलाधिकारी ने बच्चों से श्यामपट्ट पर लिखकर गणित के प्रश्न भी पूछे एवं अक्षरों के मिलान के संबंध में भी जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ बैठक खाना खाकर उसकी गुणवत्ता को परखा तथा रसोईयों को मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण खाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी ने मनरेगा पार्क/ओपन जिम में पहुंचकर झूला, झूला एवं अन्य खेलने संबंधी उपकरणों का जायजा लिया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

## रामचरित मानस की प्रतियों का अपमान करने का आरोप, सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की गिरफ्तारी की मांग




मुरादाबाद - भारतीय जनता पार्टी के नेता राजकुमार राम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कलक्ट्रेट पर परिवार समेत धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस की प्रतियां जलाकर हिंदू धर्म का अपमान किया है। जिससे मेरा परिवार ही नहीं पूरे देश के लोग आहत हुए हैं।

### परिवार के साथ धरने पर बैठे भाजपा नेता

गुरुवार को सुबह ही रामकुमार राम ने कलक्ट्रेट गेट के सामने टेंट लगा दिया। अब अकेले नहीं हैं, उनके परिवार की महिलाएं और बच्चे भी साथ में बैठकर धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा- अर्चना होती है। मेरा पूरा परिवार भी भगवान श्री राम की उपासना करता है। जिस तरह से स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की और रामचरित मानस की प्रतियों को जलाया उससे वह बुरी तरह आहत हैं। भाजपा नेता ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य की गिरफ्तारी के लिए वे परिवार समेत सांकेतिक धरने पर बैठे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार को तुरंत स्वामी प्रसाद मौर्य को गिरफ्तार करके जेल भेजना चाहिए। गिरफ्तारी नहीं होने पर वे आंदोलन तेज करेंगे। शहर में जुलूस निकाला जाएगा। भूख हड़ताल भी करेंगे।

## सामूहिक दुष्कर्म पीड़ित को फोन पर मिल रही धमकियां

मुरादाबाद। गलशहीद थानाक्षेत्र में रहने वाली सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता ने कुछ लोगों पर धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित अपने प्रार्थना पत्र में



बताया कि सितंबर में उसने भाकियू नेता रणधीर सिंह समेत आठ लोगों के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने रणधीर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दी था। वह जमानत पर जेल से बाहर आ गया है। पीड़ित का आरोप है कि अब उसे कॉल धमकियां मिल रही हैं। जब वह फोन नहीं उठाती तो उसकी बहन के मोबाइल पर भी कॉल करके धममकियां मिल रही है। एसएसपी हेमराज मीना ने गलशहीद थाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

## मण्डल स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर समिट एवं मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक 07 फरवरी को

मुरादाबाद -संयुक्त आयुक्त उद्योग ने अवगत कराया है कि मण्डल स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर समिट एवं मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक दिनांक 07 फरवरी 2023 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में आयोजित की जा रही है।

## ईशन नदी में तैरता मिला शव



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-रिजोर थाना क्षे शिकोहाबाद रोड पर ईशन नदी में तैरता मिला शव, गायब युवक का शव मिलने से हड़कंप, हत्या कर शव को नदी मे फेकने की आशंका, आक्रोषित परिजनों ने सड़क पर जाम लगाकर काटा हंगामा, पुलिस आक्रोषित परिजनो को समझाने मे जुटी, परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप, सीओ सकीट और सीओ सिटी समेत कई थानो फोर्स मोजूद

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का स्वच्छ भारत मिशन नालियों की गंदगियों में दफन होकर रह गया



फैसल सिद्दीकी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बाराबंकी -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का स्वच्छ भारत मिशन नालियों की गंदगियों में दफन होकर रह गया है। आपको बताते चलें कि तहसील फतेहपुर के काजीपुर 3 में एक ऐसी नाली भी है जो कि सालों सेबंद पड़ी है।सफाई ही नहीं हुई है। सफाई कर्मियों द्वारा नालियों को सालों से खोला ही नहीं गया तो सफाई तो दूर की बात है। रोड के किनारे बनी नालियों में जो सफाई की जाती है वह भी सही तरीके से नहीं हो पाती जिससे नालियों में कीचड़ और गंदगी वैसे का वैसा ही रहता है।

## खोपा देवधाम मे सुरक्षा को लेकर भाजपा ने सौपा ज्ञापन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर-दतिमा मोड़- बीते मंगलवार रात्रि को खोपा देवधाम मे हुए घटना को लेकर सोशल मिडीया व पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय है। हिन्दू धर्म के आस्था का केंद्र देव धाम खोपा मे विक्षिप्त व्यक्ति द्वारा स्थापित मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया। जिसको लेकर भाजपा मंडल भटगाव मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाडे ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार भटगाव अमित केरकेट्टा को ज्ञापन सौपकर सुरक्षा का मांग किया गया है। उन्होंने कहा कि देव धाम खोपा हिन्दू धर्म के आस्था का केंद्र है यहाँ दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामना को पूरा करने के लिए मन्नत मांगने पुजा-पाठ करने आते है लेकिन जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर नहीं गया न ही कोई सुरक्षा को लेकर गंभीर है। भाजपा के पदाधिकारी ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया है कि देव स्थान पर व आने-जाने वाले रास्ते पर सीसी कैमरा लगाया जाए, देव धाम के चारों और अहाता निर्माण किया जाए, संबंधित पुलिस चौकी का रात्री गस्त हो, आने-वाले सभी का रजिस्टर नाम अंकित हो, इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर एक युवा की नियुक्ति की जाए। इन सभी विषयों को लेकर ज्ञापन दिया गया। मांगो पर तत्काल जिला प्रशासन पहल करे और जिसने भी ऐसा घृणित कार्य किया है उस पर जांच कर कार्यवाही किया जाए, जिस व्यक्ति को आरोपी बताया जा रहा है उसका मानसिक स्थिति ठीक नहीं है केवल उसको मोहरा बनाया जा रहा है। घटना में अन्य लोग भी शामिल थे जिसका जूते के निशान धाम के अंदर साफ तौर पर दिख रहा है। अगर प्रशासन इस और ध्यान नहीं देता है तो हिन्दू संगठन के साथ आंदोलन करने के लिए हम मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन सौपने वाले मे भाजपा मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, वीरेन्द्र गुप्ता, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष अनुप जायसवाल, राजेंद्र राजवाडे, सरवन पाटले, महेशवर देवागन, हरि, अयोध्या राजवाडे, पुरन राजवाडे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हिन्दू एकता समूह ने अवागढ़ थाने के बाहर दिया धरना



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-अवागढ़ पुलिस द्वारा रामचरित मानस का अपमान करने वालो के खिलाफ एफ आई आर ना लिखने एवम मंदिरो के पास से मासाहार होटल ना हटाने पर हिन्दू एकता समूह ने अवागढ़ थाने के बाहर दिया धरना हिंदू एकता समूह के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सुबह 10ः00 बजे थाना अवागढ़ पर एकत्रित हुए जिसके बाद हिन्दू एकता समूह के संस्थापक शुभम हिन्दू ने स्वामी प्रसाद मौर्य एवम अन्य के ख़िलाफ़ तहरीर दी जो थाना प्रभारी अवागढ़ द्वारा मुकदमा दर्ज ना करने पर पदाधिकारी थाने के बाहर धरने पर बैठ गए एवम मांग की जब तक एफ आई आर एवम मंदिर के पास के मासाहार होटल बंद न होंगे तब तक हम लोग न उठेंगे जिसके बाद थाना प्रभारी ने अपने उच्चाधिकारियों से बात कर तहरीर को जीडी पर चढ़ाया एवम मासाहार होटल को बंद करने के लिए 2 घंटे का समय मांगा । जिसके बाद हिन्दू एकता समूह ने मीट के होटल बंद करवाने का ज्ञापन देकर धरना खत्म किया एवं चेतावनी दी कि अगर बंद नहीं होते ही तो कल हिंदू एकता समूह खुद बंद कराएगा। हिन्दू एकता समूह के संस्थापक शुभम हिन्दू का कहना है कि सनातन धर्म के धर्म ग्रंथो का अपमान नही सहा जायेगा सभी के विरुद्ध देशद्रोह एवं एनएसए के तहत कार्यवाही होनी चाहिए यह पूरे देश को जलाने की साजिश थी। इस मौके पर शुभम हिन्दू, सोनू यादव, मुकेश तोमर, विवेक शर्मा, सचिन मामा, उदय चौहान, शुभम कांत, मयंक, योगेश, प्रशान्त गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, वीरेश, मयंक, अतुल लुहार, शिवम, निकुंज हिन्दू, आदित्य, अजीत, अंकुश हिंदू, आर्यन, निशांत आदि गौ सेवक मौजूद रहे।

## आयुष्मान योजना स्वस्थ भारत का आधार- डॉ रघुनंदन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी- एटा महोत्सव में आयुष्मान सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओपी आर्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश अग्रवाल, प्लैक्षा फार्मा कंपनी के एमडी डॉक्टर अजय मिश्रा, एवं मुख्य वक्ता डॉ प्रदीप रघुनंदन ने फीता काटकर सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के लाभ से जनता को अवगत कराते हुए अपील की गई कि जो पात्र लोग हैं वह अपने-अपने आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। आयुष्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर ओपी आर्य ने कहा कि भारत सरकार ने इस योजना के माध्यम से गरीबों और कमजोर को स्वस्थ रखने का सपना देखा है जो जन सहयोग से ही पूरा हो सकता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार की यह एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से गरीब और कमजोर लोगों के लिए ?500000 तक के निशुल्क इलाज की व्यवस्था है। आयुष्मान सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता , जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने कहा कि वर्ष 2018 में हमारे प्रधानमंत्री ने इस योजना का शुभारंभ किया था द्य आयुष्मान योजना का लक्ष्य एक करोड़ वैलनेस क्लीनिक स्थापित करना है जिसके माध्यम से 10 करोड़ भारतीयों को स्वस्थ जीवन दिया जा सके। उन्होंने कहा कि गरीबों कमजोर को जन सेवा केंद्र के माध्यम से या फिर अपने स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से इस योजना का लाभ उठाना चाहिए क्योंकि आयुष्मान योजना भारत के जन स्वास्थ्य का आधार है। लक्षा फार्मा के एमडी डॉक्टर अजय मिश्रा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना को सफल बनाने के लिए उनकी फार्मा कंपनी प्रतिबद्ध है और हम बहुत ही सस्ती दरों पर जनता को दवाइयां उपलब्ध कराएंगे, जिससे आम आदमी दवाइयों का लाभ प्राप्त कर सके। आयुष्मान सम्मेलन में डॉक्टर ललित गुप्ता डॉक्टर सौरभ राजपूत डॉक्टर सुमित कुमार डॉक्टर नीतू डॉक्टर मुदित कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इससे पूर्व आयुष्मान भारत सम्मेलन के संयोजक विकास जोहरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर शॉल उड़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में श्रीमती रिचा सक्सेना, रजनीश शर्मा ,तरुण चौहान ,विकास तोमर ,अशोक भारद्वाज बसंत पतझड़ सहित सैकड़ों की संख्या में डॉक्टर एवं फार्मा के छात्र उपस्थित थे।

### क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# जन्म-मृत्यु पंजीकरण के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु पंजीकरण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण शासन की एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें प्रत्येक जन्म व मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य हैं। इससे सरकार को जनता के हित मे जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन एवं कार्यक्रम आदि करने मे सहायता मिलती है। साथ ही यह व्यक्ति की पहचान, पासपोर्ट, नागरिकता, स्कूल में प्रवेश आदि में आवश्यक होता है। इसी प्रकार मृत्यु प्रमाण पत्र भी सम्पत्ति, बीमा आदि का लाभ, वरासत, मृतक आश्रित लाभ आदि के प्रयोग में जरूरत होती है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु सी0एस0आर0 पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रमाण पत्र बनाने के लिए इस पोर्टल में आवेदक व्यक्ति को सबसे पहले पंजीकरण करना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि



जन्म मृत्यु पंजीकरण हेतु प्रत्येक माह कम से कम 5 पंजीकरण इकाईयों का निरीक्षण किया जाय। सभी सरकारी चिकित्सालयों एवं स्थानीय निकायों में वैक्सीनेशन, जन सभाओं, स्कूल चलो अभियान, स्कूल मे हो रहे प्रार्थना सभाओं आदि के दौरान विशेष अभियान चलाकर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने के सम्बन्ध में बताया जाए, ताकि आम जनमानस में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के बारे में जागरूकता लायी जा सके, ताकि जिले में शत-प्रतिशत लोगों की जन्म और मृत्यु का अंकन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सके। निजी चिकित्सालयों को क्षेत्रीय रजिस्ट्रार नगर पालिका एवं नगर पंचायतो द्वारा सी0एस0आर0 पोर्टल पर जारी किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संस्थागत मृत्यु के मामलों में मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणन (एम0सी0सी0डी0) अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि इस कार्य में लगे अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जन्म/मृत्यु के प्रकरणों को समयान्तर्गत पंजीकरण अवश्य करायें। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जन्म/मृत्यु सम्बन्धी पंजीकरण जन्म/मृत्यु के एक सप्ताह के भीतर नगरीय क्षेत्रों में नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया जाता है जो आनलाइन व्यवस्था के अन्तर्गत जारी होते है।

# रेडक्रॉस नेत्र कैंप का तहसीलदार इकौना ने फीता काटकर किया शुभारंभ

## तहसील इकौना में आयोजित हुआ नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैंप

अरविंद कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार रेडक्रास सोसायटी द्वारा तहसील इकौना के सभागार में अधिकारियों/कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व वादियों हेतु नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया। इस कैंप का शुभारंभ तहसीलदार संजय कुमार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर 149 लोगों ने अपना नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कराया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी टाइटन आई प्लस बहराइच के साथ मिल कर जिले में निशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन कर रहा है। कैंप के छठे चरण में एक नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन इकौना तहसील के सभागार में किया गया। इसका शुभारंभ तहसीलदार संजय राय ने अपने नेत्र की जांच करा कर किया। इस मौके तहसीलदार ने तहसील परिसर में लगाये जा रहे कैंप पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने



कहा कि तहसील मुख्यालय पर ही नेत्र परीक्षण की सुविधा मिलने से 149 आम नागरिकों को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के नेत्र परीक्षण कराने का मौका मिला। इस कैंप में उन लोगों को ज्यादा लाभ होगा, जिसकी आंखों में मोतियाबिंद बन रहा है। रेडक्रॉस के सभापति अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि तहसील परिसर में आयोजित कैंप में 22 लोगों के मोतियाबिंद की जानकारी हुई है, उनका नि:शुल्क आपरेशन नजदीकी अस्पताल दीप नेत्रालय बलरामपुर में डॉ कुलदीप विश्वकर्मा द्वारा किया जायेगा। मरीज की सुविधानुसार संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में भी उनका निशुल्क ऑपरेशन हो सकता है।

अभी तक हुए नेत्र कैंपों में कुल 132 लोगों के मोतियाबिंद की जानकारी हुई है, जिनका नि:शुल्क ऑपरेशन फरवरी व मार्च में कैंप लगाकर किया जायेगा।इस मौके पर टाइटन आई प्लस बहराइच के विशाल कुमार, शुभम श्रीवास्तव, प्रदीप मिश्र, नायब तहसीलदार गिरीश तिवारी अधिवक्ता आशुतोष पाठक, सुमित मिश्र, रवि मिश्र सहित अन्य कर्मचारी व अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# अरपा महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए रूपरेखा के अनुरूप तैयारियां प्रारंभ



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिला प्रशासन द्वारा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के स्थापना की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर आगामी 10 फरवरी को अरपा महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए रूपरेखा के अनुरूप तैयारियां प्रारंभ हो गयी है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज नगर पंचायत अध्यक्ष पेंड्रा श्री राकेश जालान के साथ अरपा महोत्सव स्थल मल्टीपर्पस शाला मैदान, स्विमिंग पूल एवं प्रेस क्लब पेंड्रा का स्थल निरीक्षण करने के बाद जिला अधिकारियों की बैठक लेकर अरपा महोत्सव के तैयारियों की समीक्षा की। अरपा महोत्सव 2023 में जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए 1 से 9 फरवरी तक पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ ही जिला स्तर पर मैराथन और साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्थापना दिवस पर 10 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला स्थापना दिवस पर वाचनालय सह प्रेस क्लब पेंड्रा, स्वीमिंग पुल पेंड्रा, स्मृति वाटिका गौरेला सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामग्री वितरण भी किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होने मैराथन एवं सायक्लोथान में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन करने, टी-शर्ट, चेस्ट नम्बर, निर्धारित रूट पर जगह-जगह दिशा सूचक चिन्ह लगाने आदि के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अलग-अलग मंच निर्माण, लाइट, माईक, साउंड सिस्टम, साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टायलेट, आमंत्रण पत्र, पुरस्कार वितरण आदि के लिए सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अरपा महोत्सव के तहत निर्धारित शैड्युल के अनुसार मैराथन दौड़, सायक्लोथान, कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल, गेड़ी, संखली, रस्साकसी का आयोजन किया जाना है। इनमें मैराथन दौड़ और सायक्लोथान की प्रतियोगिता जिला स्तर पर होगी। वॉलीबॉल की प्रतियोगिता ब्लॉक और जिला स्तर पर होगी। कबड्डी, खोखो, गेड़ी, संखली, रस्साकसी 1, 2 एवं 3 फरवरी को ग्राम पंचायत स्तर पर, 6, 7 एवं 8 फरवरी को ब्लॉक स्तर और 9 फरवरी को जिला स्तर पर होगा। जिला स्तर पर मैराथन का आयोजन 4 फरवरी को और साइक्लोथॉन का आयोजन 5 फरवरी को होगा। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्री सत्यदेव शर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, संयुक्त कलेक्टर द्वय श्री वीरेंद्र सिंह एवं श्री आनंद रूप तिवारी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### मैराथन और सायक्लोथान में भाग लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य होगा

जिला स्थापना दिवस पर आयोजित हो रहे अरपा महोत्सव में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 4 फरवरी को मैराथन और 5 फरवरी को साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन का आयोजन सुबह 7 बजे मल्टी पर्पस शाला मैदान से दुर्गा चौक होते हुए दुर्गा सरोवर तक फिर उसी रूट पर वापस मल्टी पर्पस लगभग 5 किलोमीटर का होगा। मैराथन में शामिल होने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कराना होगा। ऑनलाइन के लिए पंजीयन लिंक https://forms.gle/&ofBwBPW}mNuRxkn~ पर जा कर निशुल्क पंजीयन करा सकते है। ऑनलाइन पंजीयन के लिए ऑन द स्पॉट सुबह 5 से 7 बजे तक करा सकते है। इसी तरह सायक्लोथान का आयोजन 3 वर्गो में मल्टी पर्पस शाला मैदान पेंड्रा से गौरेला (सिटी सर्किट) 20 किलोमीटर, पेंड्रा से केंवची 30 किलोमीटर एवं पेंड्रा से कबीर चबूतरा 50 किलोमीटर की रूट पर किया जा रहा है। आनलाईन के लिए पंजीयन लिंक https://forms.gle/jKvyv|mZuSs{Vf|r~ पर जाकर पंजीयन करा सकते है। ऑनलाइन पंजीयन के लिए 'ऑन द स्पॉट' सुबह 5 से 6 बजे तक करा सकते है। सायक्लोथान के लिए समय सबेरे 6.30 बजे निर्धारित है।

# बनझोरखा के आयोजित आंकलन शिविर में 75 दिव्यांगजनों का परीक्षण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिला प्रशासन के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों का आकलन और प्रमाणीकारर्ण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जनपद पंचायत गौरेला के ग्राम पंचायत बनझोरका में आयोजित आंकलन शिविर में बनझोरका सहित आस-पास के पंचायतों में निवासरत 75 दिव्यांगजों का प्रमाणीकरण, मेडिकल प्रमाण पत्र एवं आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण हेतु आंकलन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत तंवर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रागनी मरावी, सिकल सेल लैब टेक्नीशियन श्री परमजीत पैकरा, पुनर्वास सहायक समाज कल्याण श्री कोमल सोनी सहित सरपंच, सचिव, मितानिन एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने कमिश्नर और आईजी से की सौजन्य भेंट



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले की नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज बिलासपुर में संभागीय कमिश्नर श्री संजय अलंग और बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री बी एन मीणा से सौजन्य भेंट की।

उन्होने संभागायुक्त श्री अलंग से शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में व्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# आकर्ष बने भारतीय जनता युवा मोर्चा मरवाही के मंडल अध्यक्ष



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

जीपीएम- भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गए जिसमे भारतीय जनता युवा मोर्चा मरवाही से आकर्ष प्रताप सिंह को मण्डल अध्यक्ष की जवाबदारी दी गई है जिसमे आकर्ष प्रताप सिंह ने कहा की वो पार्टी के कार्यो में सदैव समर्पित थे और और आगे भी जो जवाबदारी मिलेगी उसे पूरा करेंगे और आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में बैठी कांग्रेस की सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगी

# मल्हीपुर चौराहे पर किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन जारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत मल्हीपुर चौराहे पर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं व जिला अध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा बांकेलाल चौधरी जिला उपाध्यक्ष या जमुना प्रसाद विश्वकर्मा व अमेरिका प्रसाद वर्मा किसान कार्यकर्ता ने चक्का जाम किया धरना प्रदर्शन किया गया जा रहा है इस मौके पर सुबह से थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह से ही मौके पर मौजूद रहे खंड विकास अधिकारी जमुनहा व सहायक विकास अधिकारी जमुनहा तहसीलदार जमुनहा अहमद फरीद खान नायब तहसीलदार जमुनहा सुभर तिवरी प्रशासनिक अधिकारी धरना को सफल बनाने के लिए व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए बैठे थे किसानों ने अपनी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखा जिसमें छुट्टा आवारा पशु



से किसानों के हो रहे नुकससान को लेकर धरना किया और क्षेत्र के जीतने के नुकसान जनवरो द्वारा हो रहा है। उसकी भरपाई शासन द्वारा किया जाए तथा किसानों ने अपनी जानवरों का छुट्टा जानवरों को लाकर तहसील में भर दिया गया और उन्हें तहसील के प्रांगण में गांवों को भरने से तहसील का कामकाज ठप रहा क्योंकि इकट्ठा कई सैकड़ों गाय तहसील के प्रांगण में किसानों द्वारा कर दी गई इस समस्या के निदान हेतु खंड विकास अधिकारी ने क्षेत्र में बने गौशाला में गायों को भिजवाने के लिए साधन मुहैया किया और उन्हें गौशालाओं में 20-20 गाय भिजवाने के लिए निर्देश दिए । लेकिन गाय इतनी संख्या में थी की गाय गौशाला में नहीं आ सकी और प्रांगण में बराबर ठहरने किसानों के गायों को क्षेत्र से लाकर भरने का काम बराबर जारी रहा जिससे शासन प्रशासन के अधिकारी सुबह से इसकी व्यवस्था में लगे रहे और किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए गौशालाओं में इन गायों को रखने की व्यवस्था की जा रही है। जिन्हें चारा पानी देने के भी इंतजाम किए जा रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने राम स्वरूप से कहा कि किसानों को फसल के नुकसान के भरपाई के लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार है इस संबंध में प्रशासन प्रशासनिक अधिकारी किसानों के सहयोग व समझाने बुझाने का कार्य बराबर कर रहे हैं